

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने लोकगायक हीरा सिंह राणा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने उत्तराखंड के महान लोक गायक, लोककवि व लोक संगीत के पुरोधा हीरा सिंह राणा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने व परिवार को इस दुरूख को सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हीरा सिंह राणा जी के निधन से लोकसंगीत को अपूर्णीय क्षति हुई है।

### राज्य में खस्ता हाल है स्वास्थ्य सेवाएं: धस्माना

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा है कि राज्य की राजधानी के बीचों बीच देहराखास की एक प्रसूता नारी अगर सरकारी हस्पतालों के चक्कर काटते काटते इलाज के अभाव में दम तोड़ दे तो आप इससे पूरे राज्य के दूर दराज के इलाकों में ध्वस्त पड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की कल्पना आसानी से कर सकते हो। यहां प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाएं स्वयं आईसीयू में हैं।

### श्रम कानून के निलंबन व संशोधन के खिलाफ धरना

**संवाददाता** देहरादून। श्रम कानून के निलंबन व संशोधन के साथ गिरफ्तार किये गये सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं एवं छात्रों को रिहा किये जाने की मांग को लेकर पीपुल्स फोरम उत्तराखंड का धरना अपने आवास पर 32 वें दिन जारी रहा और इस अवसर पर केन्द्र सरकार व भाजपा शासित राज्य सरकारों के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। दूसरी तरफ श्रमिको के लिए लड़ाई लड़ने वाली आरएसएस की संस्था भारतीय मजदूर संघ का कदम श्रम कानून के विरोध में मात्र खाना पूर्ति प्रतीत होता है।

### एमवे अपने व्यापार की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए तत्पर

**संवाददाता** देहरादून। वैश्विक महामारी कोविड–19 ने तमाम तरह के उद्योगों पर अपना प्रभाव दिखाया है, जिसमें डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री भी शामिल है और एमवे इंडिया, जो सबसे बड़ी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक है, कई अन्य व्यवसायों की तरह अल्पकालिक प्रभाव से लेकर मध्यकालिक प्रभाव की उम्मीद कर रहा है, लेकिन इस मुसीबत की घड़ी से बाहर आने को लेकर पहले से कहीं अधिक शक्तिशालीरूप सेसकारात्मक है। हालांकि प्राथमिकता कोविड–19 के प्रसार को रोकने के लिए सभी सरकारी दिशा–निर्देशों का पालन करने में निहित है।

## जिला स्तर पर अधिकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि धन की कोई समस्या नहीं है। आवश्यकता अनुसार कार्मिकों की नियुक्ति के लिए जिलाधिकारियों को अधिकार दिए गए हैं। इसी प्रकार आवश्यक चिकित्सा संबंधित उपकरणों के क्रय के लिए भी अधिकार दिए गए हैं।

**होम क्वारेंटाईन में प्रोटोकॉल का पालन:** मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने कहा कि हर केस को पूरी गम्भीरता से लिया जाना है। होम क्वारेंटाईन के लिए डिस्चार्ज करने से पूर्व पूरी तरह आश्वस्त हो जाएं कि घर में मानकों के अनुरूप सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध हों। सर्विलांस को बढाया जाना है।

**पेशेंट केयर मेनेजमेन्ट से मृत्यु दर पर नियंत्रण:** सचिव अमित नेगी ने कहा कि अगले 15–20 दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमारी रिकवरी रेट और डबलिंग रेट में सुधार हो रहा है। एक्टिव केस लगभग स्थिरता की ओर जा रहे हैं। पेशेंट केयर मेनेजमेन्ट पर अधिक ध्यान दिया जाए। कोविड–19 के अलावा सामान्य चिकित्सा भी प्रभावित नहीं हो। लोगों को सामान्य इलाज मिलता रहे।

**प्रदेश में आने वालों का ऑनलाइन पंजीकरण जरूरी:** सचिव शैलेश बगोली ने कहा कि बाहर से प्रदेश में आने वालों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इससे भविष्य में उन्हें ट्रेक करने में आसानी होगी।

# युवक के आत्महत्या पर नोडल अधिकारी व डाक्टर निलंबित

**समीक्षा**

जिलाधिकारियों को प्रभावी सर्विलांस के सीएम ने दिए निर्देश

लोगों में फिजीकल डिस्टेंसिंग, मास्क, स्वच्छता को आदत में लाना है

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में वीडियो कांफ्रेंसिग द्वारा जिलाधिकारियों के साथ प्रदेश में कोविड–19 की स्थिति की समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेंसिग में आयुक्त कुमाऊँ अरविंद सिंह ह्यांकी, आयुक्त गढवाल रविनाथ रमन, सचिव डॉ पंकज पाण्डेय, सहित अन्य अधिकारी व जिलाधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आशा व आंगनबाडी कार्यकत्रियों की सहायता से सर्विलांस को बढाएं। यह सर्विलांस नियमित रूप से होना है। वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप लोगों में व्यवहारात्मक परिवर्तन लाने होंगे। दून के क्वारेंटाईन सेंटर में युवक के आत्महत्या पर संबंधित नोडल अधिकारी व डाक्टर को निलंबित किया जाए। कोविड–19 से संबंधित हर मृत्यु की ऑडिट कराई जाए। शनिवार को मुख्यमंत्री ने सचिवालय में वीडियो कांफ्रेंसिग द्वारा जिलाधिकारियों के साथ प्रदेश में कोविड–19 की स्थिति की समीक्षा की।



कोविड–19 से संबंधित लक्षण पर अनिवार्य तौर पर सेम्पलिंग सर्विलांस में जिन लोगों में कोविड–19 से संबंधित लक्षण दिखाई दें, उनकी हेल्थ टीम के माध्यम से अनिवार्य रूप से सेम्पलिंग कराई जाए। फ्रंटलाईन वर्कर्स को आवश्यकताअनुसार थर्मल स्कैनर, फेस शील्ड, पीपीई किट, मास्क आदि जरूर उपलब्ध कराए जाएं। इससे उनका कार्य के प्रति उत्साह बढ़ता है। ओपीडी में ड्यूटी करने वाले चिकित्सकों को भी फेस शील्ड उपलब्ध हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप लोगों में व्यवहारात्मक परिवर्तन लाने होंगे। फिजीकल डिस्टेंसिंग, मास्क का अनिवार्यता से उपयोग, नियमित रूप से हाथ धोना आदि बातों को आदत में लाना होगा। बाजारों में एक जगह पर भीड़ को सख्ती से नियंत्रित किया जाए।

**कोविड–19 से संबंधित हर डेथ का आडिट:** मुख्यमंत्री ने दून के क्वारेंटाईन सेंटर में युवक के आत्महत्या पर संबंधित नोडल अधिकारी व डाक्टर को निलंबित करते हुए जांच के निर्देश दिये। दून में एक गर्भवती महिला की इलाज न मिलने पर मृत्यु की भी शीघ्र जांच की जाए। कोविड–19 से संबंधित हर डेथ का आडिट किया जाए। हर मृत्यु के कारण का विश्लेषण किया जाए। क्वारेंटाईन सेंटर में भी सुविधाएं उपलब्ध हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मृत्यु के बाद भी व्यक्ति का सम्मान बरकरार रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी व हरिद्वार में विद्युत शव–दाह गृह का कार्य शुरू करने के निर्देश देते हुए देहरादून में भी शव–दाह गृह की घोषणा की।

# उत्तराखण्ड में 21 कोरोना पॉजिटिव लोगों की मौत

**कहर**

■ 35 नए मामले, 76 लोग हुए पूरी तरह से स्वस्थ

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में शनिवार को दोपहर दो बजे तक कोरोना के 35 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 76 लोग पूरी तरह से स्वस्थ हुए हैं। शनिवार नए मामले में चमोली में तीन, देहरादून में सात, टिहरी में 22, रुद्रप्रयाग में एक और उत्तरकाशी में दो लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अब प्रदेशभर में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 1759 हो गया है, जिनमें से 1023 लोग पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 707 केस एक्टिव हैं। वहीं, 21 कोरोना पॉजिटिव लोगों की मौत हो गई है। अब तक सबसे ज्यादा 456 मामले देहरादून जिले में सामने आए हैं, जिसके बाद नैनीताल में 334 केस हैं।

### अब दिल्ली में होगी कुमाऊं के लोगों की कोरोना जांच

एक तरफ जहां सरकार कोरोना जांच में तेजी लाने और जांच की संख्या बढ़ाने की बात कर रही है वहीं कुमाऊं में एकमात्र राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी में हो रही कोरोना जांच का काम भी ठप हो गया है। छह जिलों की एकमात्र वायरोलॉजी लैब दो दिन से तकनीकि खराबी के चलते बंद पड़ी है। अब सैंपल नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) दिल्ली भेजे जाएंगे। लैब में पहुंच चुके 918 सैंपल भी संबंधित जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनसीडीसी भेजेंगे।

**ऋषिकेश में व्यापारियों, ट्रांसपोर्टर और ग्राहकों की कराई गई रेंडम सैंपलिंग:** देहरादून निरंजनपुर मंडी में कोविड पॉजिटिव केस की बढ़ती संख्या को देखते हुए कृषि उत्पादन मंडी समिति ऋषिकेश के द्वारा शनिवार को यहां व्यापारियों, ट्रांसपोर्टर और ग्राहकों की रेंडम सैंपलिंग कराई गई। मंडी समिति के अध्यक्ष विनोद कुकरेती ने बताया कि देहरादून मंडी में कोविड पॉजिटिव केस निरंतर सामने आ रहे हैं। ऋषिकेश थोक मंडी भी हाई रिस्क में शामिल है। जन सुरक्षा को देखते हुए कृषि मंत्री सुबोध उनियाल से यहां रेंडम सैंपलिंग कराने का आग्रह किया गया था। नोडल अधिकारी के द्वारा शनिवार को यहां 12 सदस्यों की टीम भेजी गई। टीम के द्वारा मंडी समिति के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों की रेंडम सैंपलिंग की गई।

परिसर के भीतर लाइसेंस धारक व्यापारियों, बाहर से आने वाले वाहनों के चालक परिचालक सहित खरीददार फुटकर विक्रेताओं की सैंपलिंग की गई है। अभी तक 25 सैंपल लिए गए हैं। यह कार्य रविवार को भी जारी रहेगा।

### सफाई कर्मचारियों के बजाय दायित्वधारियों के वेतन में करें कटौती: लालचन्द शर्मा

**संवाददाता** देहरादून। दून महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से सफाई कर्मियों के वेतन में कटौती न किये जाने तथा निरंजनपुर कृषि उत्पादन मण्डी परिसर बन्द न किये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि दायित्वधारियों के वेतन सें कटौती की जाये और सफाई कर्मचारियों का वेतन काटा जाये और कोरोना काल में सफाई कर्मचारियों ने अपनी व अपने परिर की जान जोखिम में डालकर नियमित रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को सौंपे ज्ञापन में महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि नगर निगम द्वारा कोरोना महामारी के चलते नगर निगम के सफाई कर्मियों के एक दिन का वेतन काटने के आदेश जारी हुए है, जो कि न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+


Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।